# कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज

सिविल कोर्ट के सामने, कलेक्ट्रेट रोड, धमतरी, जिला–धमतरी (छ.ग.)
E-Mail ID-livedmt@gmail.com फोन नम्बर – 07722–232509, 9425502025

कमांक / 866 / प्रशिक्षण / DPLC / 2024–25 धमतरी, दिनांक 11/11/2024

## / / प्रेष–विज्ञप्ति / /

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी धमतरी अंतर्गत संचालित विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यकम जैसे– प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना आदि प्रशिक्षण कार्यकम हेतु योग्य व अनुभवी अंशकालीन, पूर्णतः अस्थाई प्रशिक्षक का चयन "वाक इन इन्टरव्यू (साक्षात्कार)" के माध्यम से दिनांक 26 / 11 / 2024 को प्रातः 10.00 बजे से कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, धमतरी में किया जा रहा है। अधोवर्णित पद एवं उनके सम्मुख दर्शाये हुए विवरण अनुसार पद की निर्धारित अर्हताओं के अनरूप अपने पूर्ण बायोडाटा एवं आवेदन के साथ कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी धमतरी में दिनांक 26 / 11 / 2024 को निर्धारित समयानुसार इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

| क्र. | सेक्टर का नाम | कोर्स का नाम | पद का नाम | पद संख्या | अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Automotive | Four Wheeler Service Technician/ Taxi Driver | प्रशिक्षक | 1 | 1. संबंधित कोर्स में शैक्षणिक योग्यता ITI / Diploma / Graduation<br>2. संबंधित सेक्टर का अनुभव।<br>3. संबंधित कोर्स में TOT(Training of Trainer) धारी को प्राथमिकता |
| 2 | Plumbing | Plumber (General) | | 1 | |
| 3 | Electronics | Assembly Operator-RAC/ Field Technician - AC | | 1 | |
| 4 | Apparel Made-Ups & Home Furnishing | Sewing Machine Operator | | 1 | |
| 5 | Construction | Assistant Electrician | | 1 | |
| 6 | Electronics & Hardware | Field Technician Computing and Peripherals | | 1 | |
| 7 | Retail | Retail Sales Associate | | 1 | |

विस्तृत विज्ञापन एवं नियम व शर्ते जिले के वेबसाईट https://dhamtari.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

District Project Livelihood College, Dhamtari (C.G.)

सहायक परियोजना अधिकारी
जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज
जिला–धमतरी

पृ. कमांक / 867 / प्रशिक्षण / DPLC / 2024–25 धमतरी, दिनांक 11/11/2024

प्रतिलिपि

1) कलेक्टर, जिला–धमतरी की ओर सादर सूचनार्थ।
2) उपसंचालक, जनसंपर्क विभाग, धमतरी की ओर अग्रेषित कर सादर निवेदन है कि कृपया उक्त समाचार जिले के सभी दैनिक समाचार पत्रों में लगातार 3 दिन तक प्रकाशन कराने का कष्ट करेंगें।
3) डी.आई.ओ., एन.आई.सी. कार्यालय कलेक्टर, जिला धमतरी की ओर उक्त विज्ञापन जिले के वेबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु सादर सूचनार्थ।

सहायक परियोजना अधिकारी
जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज
जिला–धमतरी

## नियम एवं शर्ते

1. उम्मीदवार को अपना पंजीयन एवं दस्तावेज सत्यापन निर्धारित समयानुसार कराना होगा। पंजीयन एवं सत्यापन हेतु आवेदन पत्र, मूलदस्तावेज व उसकी स्वप्रमाणित छायांप्रति प्रस्तुत करना होगा।
2. प्रशिक्षक का चयन शैक्षणिक योग्यता, कार्यनुभव एवं साक्षात्कार के अधार पर किया जायेगा।
3. अभ्यर्थी का चयन कार्यकुशलता, दक्षता, अनुभव एवं टी.ओ.टी. के आधार पर होगा। चयन सूची/प्रतिक्षा सूची कार्यालय के सूचना पटल व जिला के वेब पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी। आवेदन पत्र में मोबाईल नम्बर उल्लेख करें ताकी संपर्क किया जा सके।
4. चयनित प्रशिक्षकों को प्रारंभिक रूप से मानदेय 15000.00 रू प्रतिमाह के मान से देय होगा। मानदेय राशि केवल प्रशिक्षण अवधि के लिए ही देय होगी, प्रशिक्षण अवधि समाप्त होने पर मानदेय की पात्रता नहीं होगी। कार्यकुशलता एवं दक्षता के आधार पर मानदेय में वृध्दि की जा सकती है।
5. चयनित प्रशिक्षक संबंधित SSC से TOT सर्टिफाईड नहीं होने की दशा में चयन उपरांत ज्वानिंग दिनांक से 01 माह के भीतर संबंधित सेक्टर में TOT सर्टिफिकेशन करना अनिवार्य होगा, अन्यथा चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति निरस्त समझी जावेगी।
6. चयनित अभ्यर्थी को चयन उपरांत सूचना मिलने के 02 दिवस के भीतर ज्वानिंग लेना अनिवार्य है अन्यथा चयन स्वमेव निरस्त माना जावेगा एवं प्रतिक्षा सूची के अभ्यर्थियों को मौंका दिया जावेगा।
7. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। मूल निवासी प्रमाणपत्र संलग्न करें।
8. उपरोक्त पद पर भर्ती पूर्णतः अस्थायी है तथा राज्य कार्यालय से प्राप्त प्रशिक्षण लक्ष्य पर निर्भर करता है। उपरोक्त पद के विरूद्ध यदि शासन द्वारा नियमित/स्थानांतरित/संविदा नियुक्ति की जाती है तो संबंधित प्रशिक्षक की यह नियुक्ति स्वयमेव समाप्त हो जावेगी।
9. संबंधित सेक्टर में प्रशिक्षण संचालन नहीं होने की दशा में नोटिस देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
10. चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण मानदेय के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा एवं प्रशिक्षण के दौरान किसी प्रकार के अवकाश की पात्रता नहीं होगी।
11. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्था का अनुभव मान्य होगा। अनुभव प्रमाण पत्र संस्था के लेटर हेड में संस्था प्रमुख की सील व हस्ताक्षर के साथ होना चाहिए। दिये गये अनुभव की जांच करवायी जायेगी। एवं गलत जानकारी दिये जाने की स्थिति में आवेदन अमान्य किया जावेगा।
12. यदि आवेदन किसी अन्य संस्थान में कार्य कर रहा हो तो संबंधित संस्था से अनापत्ति प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करे।
13. प्रशिक्षक द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण संतोषप्रद नहीं होने या आचरण संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में सुनवाई का अवसर देते हुए स्पष्ट कारण दर्शाते हुए प्रशिक्षण कार्य में जारी रखने अथवा पृथक करने का निर्णय निदेशक लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी द्वारा लिया जावेगा।

## चयन प्रक्रिया

1. प्राप्त अभ्यर्थियों का वाक इन इंटरव्यू प्रातः 11:30 से 3:00 बजे तक किया जावेगा, जिसमें अभ्यर्थियों को समस्त दस्तावेजों की छात्राप्रति आवेदन के साथ सलग्न कर उपस्थित होना होगा। साक्षात्कार के दौरान मूल दस्तावेजों की मॉग किये जाने पर सुलभ अवलोकन हेतु सभी अभ्यर्थियों को सभी संलग्न दस्तावेजों की मूल प्रति प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
2. तत्पश्चात 3:00 से 4:30 बजे तक सूची (कम्प्यूटरीकृत) तैयार की जावेगी, जिसका 5:00 बजे प्रकाशन किया जावेगा।

District Project Livelihood College, Dhamtari (C.G.)

सहायक परियोजना अधिकारी
जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी
जिला – धमतरी (छ.ग.)

## प्रशिक्षक चयन हेतु Score Matrix

| क्र. | विवरण | अंक विभाजन | अधिकतम अंक | वांछनीय / आवश्यक दस्तावेज | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ITI / Diploma / Gradiation | <59.99% - 30 अंक<br>60-80% - 40 अंक<br>>80.1% - 50 अंक | 50 | ITI / Diploma / Gradiation संबंधी अंकसूची एवं प्रमाण पत्र | साक्षात्कार के बाद अभ्यर्थियों का Score Matrix के आधार पर प्राप्तांकों की एकजाई मेरिट बनाकर अंतिम सूची प्रकाशन किया जायेगा एवं क्रमशः वरीयता के अनुसार अभ्यर्थियों की प्रतिक्षा सूची जारी की जाएगी। |
| 2 | TOT | 30 अंक | 30 | TOT in Trade specific form Sector Skill Council | |
| 3 | अनुभव | प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव हेतु 2 अंक अधिकतम 10 अंक | 10 | अनुभव प्रमाण पत्र (Sector/Course Specific) | |
| 4 | साक्षात्कार | 10 अंक Interview | 10 | चयन समिति द्वारा साक्षात्कार (Interview) लिया जावेगा। | |
| | कुल अंक | | 100 | | |

District Project Livelihood College, Dhamtari (C.G.)

# प्रशिक्षक हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

1. कोर्स/ट्रेड का नाम :–..........................................................................
2. आवेदन/अवेदिका का नाम :–..........................................................................
3. पिता/पति का नाम :–..........................................................................
4. जाति :–...........................वर्ग...........(UR/OBC/SC/ST)
5. जन्मतिथि :–..........................................................................
6. आधार कार्ड संख्या :–..........................................................................
7. स्थायी पूर्ण पता :–..........................................................................
..........................................................................
8. फोन/मोबाइल नं. :–..........................................................................
9. Email ID :–..........................................................................
10. शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी :–

| क्र. | परीक्षा का नाम | मण्डल/बोर्ड/विश्वविद्यालय | विषय | वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10th | | | | | | |
| 2 | 12th | | | | | | |
| 3 | स्नातक/स्नातकोत्तर | | | | | | |
| 4 | ITI/Diploma | | | | | | |
| | | | | | | | |

11. अनुभव (अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करे) :–

| क्र. | विभाग/संस्था का नाम | पदनाम | कार्य अवधी कब से | कार्य अवधी कब तक | कार्य की प्रकृति | कुल अनुभव (वर्ष में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |

12. TOT संबंधी जानकारी :–

| क्र. | TR/AR ID | सेक्टर का नाम | कोर्स का नाम एवं कोड | Certificate क्रमांक | वैधता तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

## //घोषणा पत्र//

मैं यह प्रमाणित करता/करती हूं कि उपरोक्त सभी जानकारी जो मेरे द्वारा दी गई है, वह पूर्णतः सत्य हैं यदि यह जानकारी असत्य पाई जावेगी तो मेरा आवेदन/उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी। व आवश्यक कार्यवाही के लिए मैं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

स्थानः–.......................................

दिनांकः–.......................................

(आवेदक के हस्ताक्षर)

पूरा नामः–.......................................

पूर्ण पताः–.......................................

.......................................